तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 चिरमिरी में प्रगणकों का प्रशिक्षण प्रारंभ



## खबर संक्षेप

### टीबी की बीमारी से पीड़ित अधेड़ की मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिला के ग्राम बसकेपी निवासी बेजो टोप्पो (55 वर्ष) लगभग 10 साल से टीबी की बीमारी से पीड़ित था। 12 अप्रैल को तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच व उपचार के बाद ग्रामीण की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ने ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थानान्तर्गत ग्राम कुंदी खुर्द निवासी रामचंद्र नगेसिया (38वर्ष) का किसी बात पर रविवार की रात्रि में विवाद हो गया। विवाद के बाद वह अपने कमरे का दरवाजा बंद कर सो गया। सुबह देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला तो परिजन ने उसे आवाज दी साथ ही दरवाजा खोलवाने की भी कोशिशें की। कोई जवाब नहीं मिलने पर परिजन ने कमरे का का दरवाजा तोड़ा तो अंदर रामचंद्र का शव फांसी में लटका मिला। पुलिस ने शव को उतरवाकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**राजपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई है कि ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक किए जा सकेंगे। विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं। कक्षा 1 में 50 सीटें, कक्षा 2 में 6, कक्षा 3 में 1, कक्षा 4 में 2, कक्षा 5 में 3, कक्षा 6 में 2, कक्षा 7 में 4, कक्षा 8 में 3, कक्षा 10 में 1 तथा कक्षा 11 जीव विज्ञान, गणित एवं वाणिज्य संकाय में 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में बताया गया है कि कक्षा 1 से 8 तक यदि आवेदन संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होती है, तो चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### पति ने घर को लगाई आग समान जलकर कर खाक



**बिहारपुर।** चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामगढ़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां शराब के नशे में धुत एक पति ने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। घटना में घर सहित अंदर रखा सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी राजू अगरिया नेसोमवार को दोपहर करीब 1 बजे अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पत्नी द्वारा पैसे देने से मना करने पर वह घर में रखे महुआ को बेचने की जिद्द करने लगा। पत्नी द्वारा इसका विरोध करने पर पति राजू अगरिया नाराज हो गया। शराब के नशे में उसने आपा खो दिया और आवेश में आकर अपने ही घर में आग लगा दी। देखते ही देखते उसका घर धू- धू कर जलने लगा कुछ ही देर में जल कर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा घर उसकी चपेट में आ गया। घर में रखा जरूरी सामान, अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामग्री जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए।

## लाखों रुपए हुए थे खर्च, पर्यावरण संरक्षण के नाम पर अनदेखी

# 3 हेक्टेयर में रोपे गए पौधे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



नहीं दिखते रोपे गए पौधे ।

छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल की जुगलबंदी से वर्ष 2015-16 में कोरिया जिले के कटगोड़ी में 7500 की संख्या में मिश्रित पौधे का रोपण 3 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण कराया गया था, लेकिन आज 10 वर्षों में हजारों पौधों का पौधा रोपित स्थल पौधों का कब्रिस्तान बन गया है।

उक्त स्थल पर जहां पेड़ों की हरियाली दिखाई देनी चाहिए, वहां पुराने पेड़ों के अलावा खाली जमीन दिखाई देता है। इस तरह पौधरोपण के नाम पर लाखों रूपए बर्बाद कर दिए गए और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर सरकारी खजाने को किस तरह से चूना लगाया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण जिले के कटगोड़ी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल पौधरोपण क्षेत्र बैकुंठपुर उप क्षेत्र चरचा आरओ नॉन ओबी डंप क्षेत्र बैकुंठपुर के अंतर्गत कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट तर्रा बसेर रोड किनारे पौधरोपण वर्ष 2015-16 में 3 हेक्टेयर क्षेत्र में 7500 मिश्रित पौधों का रोपण किए जाने की जानकारी है। पौधरोपण स्थल पर सूचना बोर्ड आज तक दिखाई दे रहा है और दर्शित सूचना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, लेकिन सूचना बोर्ड पर अंकित पौधे उक्त स्थल से नदारत है। पौधरोपण वाले क्षेत्र में पुराने पेड़ों के अलावा रोपित पौधे एक भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। उक्त स्थल पर रोपित पौधों में वहां आज एक भी पौधा जीवित नहीं है। लाखों की लागत से यहां का पौधरोपण अब केवल फाइलों व ऑकड़ों तक सीमित रह गया है।

### लाखों खर्च किए नतीजा सिफर

कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट छग वन विकास निगम एवं एसईसीएल के सहयोग से 3 हेक्टेयर में हजारों पौधों के रोपण के लिए 10 वर्ष पहले लाखों रूपए खर्च दिए गए और 10 वर्ष के बाद पौधरोपण स्थल पर नतीजा सिफर है। रोपित पौधों की सुरक्षा और सिंचाई के लिए जिम्मेदारी तय नहीं किए जाने के कारण आज धरातल पर स्थिति इसके उलट है। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पौधा रोपण स्थल पर रोपित एक भी वृक्ष नजर नहीं आता। विभाग द्वारा पौधरोपण करने के बाद देखभाल की ओर पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिए जाने का ही नतीजा सिफर हो गया।

### मामले की जांच की जानी चाहिए

कटगोड़ी शॉफ्ट के निकट तर्रा बसेर मार्ग किनारे लाखों रूपए खर्च कर रोपित पौधों का आज नामोनिशान मिट जाना विभागीय लापरवाही का नतीजा है, इससे यह सवाल उठता है कि क्या अधिकारियों ने कभी इस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन किया। पौधरोपण स्थल पर 7500 पौधों का गायब होना कोई छोटी बात नहीं इस मामले की जांच की जानी चाहिए कि बिना किसी प्राकृतिक आपदा के इतने बडे पौमाने पर पौधे कैसे नष्ट हो गए साथ ही पौधरोपण के विफलता के लिए जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है।

# खरमास खत्म: अब शुरु होंगे वैवाहिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बीते माह 13 मार्च से प्रारंभ हुआ खरमास 14 अप्रैल को सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही एक माह का खरमास समाप्त हो गया। इसके साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्यो में लगी रोक अब हट गई। खरमास समाप्त होने के दूसरे दिन 15 अप्रैल से विवाह का दौर शुरू हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस बार 15 अप्रैल से जून तक तीन माह में कुल 31 विवाह मुहूर्त हैं और फिर जुलाई माह में गिनती के विवाह मुहूर्त पड़ रहे हैं। हालांकि सबसे अधिक विवाह गमी के दिनों में ही संपन्न होते हैं। जुलाई माह में पानी बरसात के मौसम के चलते कम ही शादियां होती है। एक माह का तक खरमास के चलते विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यो में विराम लगा था, जो 14 अप्रैल को समाप्त होने के साथ ही दूसरे दिन 15 अप्रैल से विवाह सहित सभी तरह के मॉगलिक कार्यो की शुरूआत हो गई। वैवाहिक कार्यक्रम के लिए लोगों ने इसके पूर्व ही सभी तरह की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दिए थे, ताकि ऐन वक्त पर होने वाली परेशानी न रहे।

### व्यवस्थाओं के लिए एडवांस बुकिंग

15 अप्रैल से शुरू हो रही विवाह कार्यक्रम के लिए लोगों के द्वारा इसके पूर्व ही विभिन्न जरूरी व्यवस्थाओं के लिए एडवांस बुकिंग कर चुके हैं, ताकि ऐन निकट समय में किसी तरह की परेशानी न हो। लोगों द्वारा विवाह कार्यक्रम के लिए शादी घर, टेंट, फोटोग्राफर, केटरर, डिजे आदि की एडवांस बुकिंग कर चुके हैं। वहीं खरीदी के लिए बाजार में भीड़ जुट रही है।

### 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया

जानकारी के अनुसार आगामी 20 अप्रैरल को अक्षय तृतीया की तिथि पड़ रही है। इस दिन अबुझ मुहूर्त रहता है और इस दिन को श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन सबसे अधिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। इस दिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। वहीं प्रशासन अक्षय तृतीया को सतर्क रहता है,ताकि किसी नाबालिक का विवाह न हो पाए।

# अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**चरचा कॉलरी।** जिले में नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में थाना चरचा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर बड़ा खुलासा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को पीड़िता की मां ने थाना चरचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को 7 अप्रैल की शाम एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल अपराध क्रमांक 65/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।



थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबीर सूचना और साइबर ट्रैकिंग के जरिए आरोपी की लोकेशन का पता लगाना शुरू किया। पुलिस ने बिना समय गंवाए संभावित स्थानों पर दबिश देना शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद 9 अप्रैल को पुलिस टीम ने सूरजपुर जिले से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पीड़िता के बयान में जो खुलासे हुए, उन्होंने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शरीफ खान ने उसे शादी का झांसा दिया और काम दिलाने का लालच देकर अपने साथ मोटरसाइकिल (सीजी 16 सीएस 3298) में बैठाकर ले गया। रास्ते में सुनसान स्थान पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद आरोपी उसे झारखंड के गढ़वा ले गया, जहां कई दिनों तक उसका शारीरिक शोषण किया गया। पीड़ति के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में धारा 64, 87 बीएनएस के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 भी जोड़ दी। तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर आरोपी की मौजूदगी झारखंड के गढ़वा जिले में पाई गई। चरचा पुलिस ने वहां दबिश देकर आरोपी शरीफ खान को गिरफ्तार कर लिया और 14 अप्रैल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में एसआई बालेश्वर महानंदी, प्रधान आरक्षक शशिभूषण, आरक्षक आनंद टोप्पो, नारायण नायक, रूपनारायण, सैनिक विकास सिंह और साइबर स्टाफ आरक्षक अमरेश की अहम भूमिका रही।

### आरोपी का है आपराधिक रिकॉर्ड

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शरीफ खान एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता की जानकारी मिली है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस पूरे घटनाक्रम में उसके परिवार या अन्य लोगों की भी कोई भूमिका रही है।

### जहां गड़बड़ी वहां बदली जाएंगी साड़ियां

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका को साड़ी वितरण तय मापदंड और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ है, लेकिन जहां भी गड़बड़ी मिली है, वहां सुधार किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर साड़ियां बदली जाएंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दी गई साड़ियों की लंबाई और गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक्शन लिया है। विभाग के मुताबिक केंद्र सरकार के प्रावधान के तहत हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को साल में दो साड़ी यूनिफॉर्म दी जाती है। इसके लिए प्रति साड़ी 500 रुपए तय हैं। इसी आधार पर राज्य में करीब 1.94 लाख साड़ियों की आपूर्ति का आदेश छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़ी एजेंसी को दिया गया था। साड़ियों के रंग, डिजाइन और लंबाई का मापदंड राज्य स्तर पर तय किया गया था। इसके अनुसार साड़ी की लंबाई 5.50 मीटर और ब्लाउज पीस सहित कुल लंबाई 6.30 मीटर निर्धारित है।

# बैसाखी पर्व पर मनाया गया खालसा सृजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा में 14 अप्रैल को बैसाखी के पावन अवसर पर खालसा सृजन दिवस



अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों (नव निहालों) की उपस्थिति रही। पूरे गुरूद्वारा परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सिख धर्म के दशम गुरु-गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा





पंथ की स्थापना की ऐतिहासिक घटना को स्मरण किया गया। ज्ञात हो कि वैशाख मास की प्रथम तिथि सन्‍ 1699 में पंजाब के आनंदपुर साहिब के केशगढ़ में एक विशाल समागम का आयोजन किया गया था। इसमें देशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए थे।

इसी ऐतिहासिक अवसर पर गुरू गोविंद सिंह जी ने बलिदान के लिए 5 शीश की मांग की थी, जिस पर 5 श्रद्धालुओं ने अपने प्राण न्यौछावर करने की भावना व्यक्त की। इन 5 श्रद्धालुओं भाई दया सिंह लाहौर, भाई मोहकम सिंह द्वारिका, भाई साहब सिंह बीदर, भाई धर्म सिंह हस्तिनापुर और भाई हिम्मत सिंह जगन्नाथ पुरी को गुरू जी ने अमृत पान कराकर 5 प्यारों के रूप में स्थापित किया और खालसा पंथ की नींव रखी। ⏭ शेष पेज 4 पर

# कोरिया कालरी में नशे के खिलाफ सर्च ऑपरेशन

**कोरिया कॉलरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा सीएसपी और चिरमिरी थाना प्रभारी के नेतृत्व में कोरिया कालरी चौकी प्रभारी द्वारा नगर में नशे के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

इस दौरान पुलिस टीम ने घर-घर जाकर पूछताछ और जांच की तथा लोगों को समझाइश भी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति गांजा, शराब या अन्य किसी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री करते पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल इन दिनों पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन से अब नवयुवक भी अछूते नहीं रह गए हैं। नशे की हालत में लोग आपसी हिंसा करते हैं या तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। नशा मुक्त भारत की दिशा में यह एक जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचकर एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण करना है। हाल ही में गोदरीपारा क्षेत्र में एक युवक नशे की हालत में तलवार लहराते हुए नजर आया था। चिरमिरी पुलिस को सूचना मिलते ही युवक को काबू में लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में नर्मदा उद्गम स्थल पर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले के पवित्र तीर्थ स्थल अमरकंटक प्रवास के दौरान मॉ नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचकर मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा की आरती कर प्रदेश के नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं चहुंमुखी विकास के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और उनका आशीर्वाद सदैव प्रदेशवासियों पर बना रहता है। उन्होंने अमरकंटक की पावनता एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए प्रदेश के समग्र विकास एवं जनकल्याण का संकल्प दोहराया। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष नर्मदे हर सेवा न्यास एवं मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रामलाल रौतेल, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर, विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह ने भी मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की।

## दिनों दिन हो रही तापमान में बढ़ोतरी, दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी

# बढ़ा तापमान, शहर की सड़कें होने लगी सूनी, पारा 40 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



दोपहर में सूनसान दिख रही सड़क।

मौसम के साफ होने के साथ सूर्य के तेवर चढ़ते जा रहा है, इसके चलते दिनों दिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और तेज धूप के चलते दोपहर के समय झुलसाने वाली गर्मी अभी से लगने लगी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया और दिनभर तेज धूप का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, इसके दूसरे दिन गुरूवार को एक डिग्री तापमान और बढ़कर अधितम पारा 41 डिग्री हो जाएगा। अप्रै्ल माह की शुरूआत से बदली व बेमौसम बारिश के चलते तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई थी, लेकिन अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में मौसम साफ होने के साथ ही शुष्क मौसम हो गया और आसमान साफ होने के कारण लगातार सुबह से शाम तक तेज धूप पड़ रही है। स्थिति यह है कि इन दिनों सुबह के कुछ घंटे पश्चात ही सूर्य की किरणे ⏭ शेष पेज 4 पर

### गर्मी से बढ़ाई परेशानी, दोपहर में बाजार सुना

**सोनहत।** मौसम में सुधार के साथ ही क्षेत्र में गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। पिछले तीन-चार दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। खासकर सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप और गर्मी के कारण मजदूरी, भवन निर्माण और खेती-किसानी जैसे कार्यों पर असर साफ दिखाई दे रहा है।

गर्मी की तीव्रता को देखते हुए कई कार्य स्थलों पर दोपहर के समय काम रोककर अवकाश दिया जा रहा है। वहीं बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, जिससे स्थानीय व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए क्षेत्र में ठंडे पेय, शीतल जल और आइसक्रीम की मांग में अचानक बढ़ोतरी हुई है। दूर-दराज के गांवों से काम के सिलसिले में आने वाले ग्रामीण भी गर्मी से राहत पाने इनका सहारा लेते दिख रहे हैं। गर्मी से परेशान मजदूरों, किसानों और महिलाओं ने बस स्टैंड, बैंक परिसर और प्रमुख चौक-चौराहों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है, ऐसे में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था से राहगीरों को बड़ी राहत मिल सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ही प्याऊ सुविधा बहाल करने और गर्मी से राहत के अन्य इंतजाम करने की मांग की।

# चोरी मामले में पुलिस ने 2 चोरों को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम सोनपुर निवासी सदीक मोहम्मद ने 12 मार्च को चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोनपुर मेन रोड़ में किराना एवं रेडिमेट कपड़ा दुकान है। 11 मार्च की रात्रि में दुकान बंद कर घर चला गया।

दूसरे दिन सुबह दुकान खोला तो देखा तो दुकान के पीछे तरफ का दरवाजा खुला था और पीछे का हार्डवेस्टर सीट उखड़ा और सामान बिखरा हुआ था। साथ ही दुकान में लगे सीसीटीव्ही का डीव्हीआर नहीं था। दुकान से गुटखा-सिगरेट, बैंक एटीएम, क्रेडिट कार्ड, पेन, आधार कार्ड, गल्ला में रखा नगदी 6 हजार रूपये, 2 सोने के कंगन को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 305(क), 331(4), 111, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम शिवप्रसाद नगर के राहुल व मानसाय दोनों रात्रि में घूमते देख संदेह के आधार पर पकड़ा। दोनों पूर्व में हदीस के दुकान में चोरी किए थे। पूछताछ पर दोनों ने किराना एवं रेडीमेड दुकान में चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर सीसीटीवी का डीवीआर,नगदी सहित 93 हजार सामान जब्त किया। मामले में संगठित अपराध घटित करने से प्रकरण में धारा 111 बीएनएस जोड़ते हुए आरोपी राहुल सोनवानी (19 वर्ष) व मानसाय खरसनिहां (29 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक देवदत्त दुबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, अभय तिवारी, निलेश जायसवाल आदि सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी बैंक बिश्रामपुर शाखा के दीपक नए प्रबंधक नियुक्त

**बिश्रामपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर के नए शाखा प्रबंधक के रूप में पदस्थ दिलीप दुबे ने 10 अप्रैल को अपना पदभार ग्रहण



कर लिया है,बता दें कि पूर्व शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति बा का तबादला जिला मुख्यालय सूरजपुर किए जाने के बाद यह पद रिक्त बना हूआ था, जिस पर श्री दुबे की नियुक्ति की गई है। दिलीप दुबे इससे पहले जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय में सहायक लेखापाल के पद पर कार्यरत थे,वे पूर्व में लटोरी सहकारी बैंक में प्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। नवपदस्थ शाखा प्रबंधक दुबे ने कहा कि किसानों को समय पर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके कार्यों का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी।

### महिला के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**राजपुर।** बरियों अंतर्गत एक महिला के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चौकी बरियों क्षेत्र के निगरानी बदमाश आकाश पांडे उर्फ शशि उर्फ ललला अपने साथी विक्रम श्रीवास्तव के साथ 11 अप्रैल की शाम ग्राम बघिमा स्थित शर्मा ढाबा में घुस गए। जहां काउंटर पर बैठी महिला से दोनों ने शराब पीने के लिए रुपये की मांग की। महिला द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके बाल पकड़कर मारपीट की। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आज घटना में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### सपनादर बांस प्लांटेशन में लगी आग



**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत सपनादर से सटे बांस बाड़ी में रविवार को दोपहर में अचानक आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल वन अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही प्लांटेशन में पहुंचकर आग बुझाने की कोशिशे करने लगे। कुछ देर बाद वन विभाग की टीम भी स्थल पर पहुंच गई तथा समन्वित प्रयासों से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आग प्लांटेशन के 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैल गई थी। काफी कोशिशों के बावजूद एक एकड़ क्षेत्रफल की वनस्पतियां आग से झुलस गई। आग कैसे लगी अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। वन अमला सूखे पत्तो के बीच राहगीरों द्वारा जलती बीड़ी-सिगरेट फेंकने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

### रेजांगला के 114 वीर अहीर शहीदों को वाड्रफनगर में दी गई श्रद्धांजलि

**राजपुर।** 1962 भारत-चीन युद्ध में अदम्य साहस और बलिदान का परिचय देने वाले रेजांगला चौकी के अमर शहीदों की स्मृति में वाड्रफनगर के



वन विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा एवं संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुनेश्वर यादव एवं रेजांगला कलश यात्रा के प्रदेश सह-संयोजक राजेश कुमार यादव उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के लोगों ने वीर जवानों की शहादत को नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने रेजांगला के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। समाज के विकास हेतु शिक्षा को बढ़ावा देने, दहेज प्रथा पर रोक लगाने, नशाखोरी के विरुद्ध अभियान चलाने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इसके पश्चात वाड्रफनगर के विभिन्न वार्डों में भव्य श्रद्धांजलि रैली निकाली गई। इस दौरान श्रीमती ममता यादव, हरिहर यादव, राजकुमार यादव, परमानंद यादव, श्यामधारी यादव, व्यास मुनि यादव, राम बिहारी यादव, रामाधार यादव, अखिलेश यादव, लक्ष्मी यादव, द्रोपदी यादव, अचल यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

---

### मछली से लोड पिकअप क्षतिग्रस्त, 2 घंटे तक थमा ट्रैफिक

# अंबिकापुर-बनारस राष्ट्रीय राज मार्ग पर पिकअप व हाइवा में भीषण टक्कर



दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हाईवे पर पिकअप व हाईवा आमने सामने टकरा गई। दोनों वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप न सिर्फ क्षतिग्रस्त हो गया बल्कि चालक वाहन में ही फंस गया जिसे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला। इधर पिकअप में लोड मछली हाईवे पर बिखर जाने से लगभग दो घंटे तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। चालक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**खास बात**

- वाहन में फंसा चालक, कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने निकाला बाहर

भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सकलपुर रिजर्व जंगल कक्ष क्रमांक ई 1704 के समीप सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मछली लोड पिकअप और सामने से आ रहे हाईवा के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि सड़क पर मछलियों और कंटेनरों बिखर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मछली लेकर आ रही पिकअप सीजी 29 एएफ 2711 की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 13 बीसी 8086) से हो गई। दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे और ओवरटेक के दौरान यह हादसा हुआ। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पिकअप में रखे मछलियों से भरे प्लास्टिक कंटेनर सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। बड़ी मात्रा में मछलियां फैलने से हाईवे पर फिसलन की स्थिति बन गई, जिससे कई वाहन अनियंत्रित होने की स्थिति पर पहुंच गए। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब 2 घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। घटना की सूचना मिलते ही भटगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर बिखरे कंटेनरों और मछलियों को हटाया, जिसके बाद करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल किया जा सका।

**वाहन में फंसा चालक**

दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन के मुड़े-तुड़े ढांचे में बुरी तरह फंस गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना में अन्य लोग भी घायल हुए हैं, लेकिन उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**हाईवे पर बढ़ते हादसे से लोग चिंतित**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंबिकापुर–बनारस मार्ग अब हादसों का डेंजर जोन बनता जा रहा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद न तो स्पीड कंट्रोल के प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं और न ही नियमित पेट्रोलिंग। चेतावनी संकेतों और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग पर सख्त गति नियंत्रण, स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और नियमित निगरानी की ठोस व्यवस्था की जाए।

---

### हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा युवक बाल-बाल बचा

**सेदम।** ग्राम बिलासपुर में मेला देखने जा रहे बाइक को कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक सड़क किनारे जबकि पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर गया इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बॉक्साइट लोड हाइवा ने युवक को कुचल दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक हाईवा के चपेट में आने से बाल बाल बच गया। घटना को देख ग्रामीणों भयभीत नजर आए।



जानकारी के अनुसार दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी अरविंद केरकेट्टा आ. नाथु राम केरकेट्टा (22 वर्ष) अपने साथी पाटीपारा निवासी अमित एक्का आ.जीवन एक्का (20 वर्ष) के साथ बाइक से बिलासपुर में मेला देखने जा रहे थे। रात्रि करीब 6 से 7 बजे के बीज जैसे ही बाइक सवार ग्राम बिलासपुर में लगे मेला देखने बाजारडांड के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से टक्कर मार मारकर मौके से फरार हो गया। इधर कार की टक्कर से बाइक चालक सड़क किनारे गिर गया जबकि पीछे बैठे अरविंद केरकेट्टा सड़क पर जा गिरा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बॉक्साइट लोड हाईवा ने युवक को कुचल दिया जिससे युवक अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बतौली पुलिस ने हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीजे 9907 को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हाइवा चालक राजस्थान निवासी हकीम यादव बाबूलाल यादव (35 वर्ष) ने बताया कि बाइक चालक हाइवा को ओवरटेक कर रहा था जो कार से टकराकर हाइवा के पीछे चक्का में आ गिरा जिससे युवक की मौत हो गई।

**बतौली बगीचा मार्ग में उड़ती धूल बन रहे दुर्घटना का कारण**

राजकीय मार्ग के मरम्मत में पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार ने मुरम के जगह में मिट्टी के उपयोग किया है जिससे उड़ती धूल भी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है( पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है जिससे उड़ती धूल से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। साथ ही राहगीरों के लिए उड़ती धूल बीमारी से पीड़ित होने लगे है। बिलासपुर में लगे मेला देखने लोगों की आवाजाही से सड़क में उड़ती धूल मुसीबत बना हुआ है।

---

### रोहिना पहाड़ स्थित जंगल में तेंदुए ने किया बैल का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

रोहिना पहाड़ी स्थित जंगल में तेंदुए की मौजूदगी से क्षेत्र के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। रविवार को जंगल में चरने गए एक बैल को तेंदुए ने शिकार किया है।

- ग्रामीणों में हड़कंप

गुरूघासी दास तैमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से सटा होने के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के जंगलों में बीच-बीच में तेंदुए एवं बाघ की आवाजाही बनी रहती है। तेंदुए पूरे साल क्षेत्र के जंगलों में भ्रमण करते हैं जबकि यदाकदा बाघ भी पहुंचते है। गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासी अपने पालतू पशुओं को चरने के लिए जंगल में छोड़ देते हैं। गर्मी के मौसम में जंगल में महुआ उपलब्ध होने के कारण मवेशी भी जंगल में जाने को लेकर उत्सुक रहते हैं। ग्राम हड़धोवा निवासी रविन्द्र कुमार ने रोज की तरह अपने मवेशियों को चरने के लिए रोहिना पहाड़ जंगल में छोड़ दिया था। बैल वापस नहीं लौटा तो ग्रामीण उसकी खोजबीन करने जंगल में गए थे। इस दौरान जंगल में बैल मृत हालत में मिला। बैल के शरीर पर तेंदुए के हमले के जख्म के निशान मिले है।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि रोहिना पहाड़ी जंगल में तेंदुए द्वारा एक पालतू बैल का शिकार करने की जानकारी मिली है। विभाग द्वारा मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### हितग्राही को नहीं मिली मजदूरी रोजगार सहायक से वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत मुड़गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ग्राम के रोजगार सहायक के विरुद्ध वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुड़गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही को मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत 90 मानव दिवस की मजदूरी का भुगतान समय पर नहीं किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि रोजगार सहायक धनेश्वर प्रसाद यादव द्वारा कार्य पूर्ण होने के बावजूद मानव दिवस की प्रविष्टि समय पर ऑनलाइन नहीं की गई जिसके कारण हितग्राही को देय मजदूरी राशि प्राप्त नहीं हो सकी। उक्त लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा रोजगार सहायक श्री यादव के मानदेय से 21,871 रुपये की राशि वसूल करने के निर्देश दिए गए हैं। यह राशि आगामी पांच माह तक किश्तों में काटकर संबंधित हितग्राही को भुगतान की जाएगी।लंबा इंतजार करने एवं बार-बार रोजगार सहायक का चक्कर लगाने के बावजूद हितग्राही को भुगतान नहीं मिला तो कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की।शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

जिला पंचायत सीईओ ने हितग्राही की मजदूरी राशि की वसूली सचिव के वेतन से करने एवं हितग्राही को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

## मूलभूत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

समग्र शिक्षा अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता कार्यक्रम के तहत नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण डीईओ अजय मिश्रा के निर्देशन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में संपन्न हुआ जिसका उद्देश्य वर्ष 2027 तक एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के कौशलों का विकास करना रहा।

- कौशल विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता

प्रशिक्षण के दौरान पाठ्यक्रम में किए गए नवीन परिवर्तनों एवं आधुनिक शिक्षण विधियों पर विशेष जोर दिया गया,एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी के सहयोग से तैयार नई पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, गहन चिंतन,सामूहिक अधिगम तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के गुण विकसित करने पर बल दिया गया,विषयवार सत्रों में हिंदी एवं अंग्रेजी के लिए 4 खंडीय मॉडल, थीम आधारित शिक्षण एवं गतिविधि आधारित पद्धति को अपनाने पर चर्चा की गई। गणित विषय में खेल-खेल के माध्यम से सीखने की विधि तथा योग एवं कला को शिक्षा में समाहित कर विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण में समग्र शिक्षा एपीसी शोभनाथ चौबे ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर शिक्षकों को समय के अनुरूप स्वयं को अपडेट करने का आह्वान किया। डाइट सूरजपुर के सहायक प्राध्यापक अलेक्जेंडर टोप्पो, राजेश्वरी निराला, बुलाकी राम यादव, आशीष पांडेय, रवि कुमार, वैशाली वैष्णव एवं चंद्रकला कुशवाहा ने प्रशिक्षण सत्रों को प्रभावी बनाया। प्रशिक्षण का लाभ जिले के सभी 6 विकासखंडों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चयनित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया, जो अब अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जिले के प्रत्येक विद्यालय तक इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। डीईओ अजय मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों की रुचि आधारित शिक्षण, समय का सदुपयोग, समयपालन, बच्चों की सुरक्षा तथा छात्र हित सर्वोपरि के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर सूरजपुर डीएमसी मनोज साहू,डाइट सूरजपुर प्राचार्य संध्या दुबे,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, जन शिक्षक कार्तिक दुबे,गौरीशंकर पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण देते अधिकारी।

---

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर 3 लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करके किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम पोखरा निवासी अजय कुशवाहा आ. श्याम कार्तिक कुशवाहा (19 वर्ष) वाड्रफनगर में लखन विश्वकर्मा के यहां रहकर काम करता है। 12 अप्रैल को बाइक से धर्मेन्द्र विश्वकर्मा और श्याम शांडिल्य के साथ घूमने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम भगवानपुर के समीप पहुंचे तभी अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में घायल हुए तीनों युवकों को वाड्रफनगर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बाइक चला रहे रहे धर्मेन्द्र विश्वकर्मा की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायल अजय कुशवाहा की गंभीर हालत को देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया था। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया वहीं घायल श्याम सांडिल्य का वाड्रफनगर स्वास्थ्य केन्द्र में ही उपचार जारी है। दूसरी घटना में वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए, पति की अंबिकापुर लाते तक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पुलिस चौकी गणेश मोड़ अंतर्गत ग्राम सौनी निवासी तिमोथी समठ आ. रामदेव समठ कोड़ाकू (42 वर्ष) 12 अप्रैल को बाइक से पत्नी शनिचरी के साथ ग्राम रूनियाडीह से वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सरनाडीह मुख्य मार्ग पर पहुंचं तभी अज्ञात वाहन के चालक टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में दंपती घायल हो गए। ग्राम पंचायत सौनी के सरपंच अलबिनुस ने घटना की सूचना घायल के चचेरे भाई दीपक को दी। परिजन मौके पर पहुंच तो घटनास्थल पर तिमोथी समठ बेहोशी की हालत में पड़ा था और उसकी पत्नी होश में थी। दोनों को निजी वाहन से बलरामपुर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तिमोथी समठ की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटना में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों की बैठक

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के अभिभावकों हेतु पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रतिनिधि रमेश सिंह, संजीव कुमार सिंह एवं श्रीशनंदे की उपस्थिति में आयोजित की गई। साथ ही सहायक संचालक सूरज मित्तल, प्राचार्य मनोज कर्माकर एवं मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु निर्धारित पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म के संबंध में अभिभावकों को जानकारी प्रदान करना एवं उनके सुझाव प्राप्त करना था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को बताया गया कि विद्यालय में एनसीईआरटी एवं बिरला प्रकाशन पर आधारित मिश्रित पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें विषयगत ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक लेखन, खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कुछ अभिभावकों ने यह चिंता व्यक्त की कि यदि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जा रहा है, तो शासकीय विद्यालयों की तुलना में इसमें क्या विशेषता है।

---

### तत्काल ढहाने की सिफारिश, एसजीजीयू ने दी लोनिवि को ढहाने की जिम्मेदारी

# एसजीजीयू के पुराने प्रशासनिक भवन को लोनिवि के अधिकारियों ने घोषित किया खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि के पुराने प्रशासनिक भवन को लोनिवि ने परीक्षण उपरांत अनुपयोगी एवं खतरनाक घोषित कर दिया है साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल भवन को ढहाने की सिफारिश की है। लम्बी मशक्कत के बावजूद भवन को ढहाने में असफल रहे विवि प्रबंधन ने लोनिवि को ही भवन को सुरक्षित तरीके से ढहाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

स्थापना होने के बाद भवन की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रशासन ने तत्कालीन सरगुजा विवि को शहर के बाबूपारा में जिला अस्पताल के निकट एक पुराना शासकीय भवन उपलब्ध कराया था। विवि प्रबंधन भवन की मरम्मत करा प्रशासनिक कार्यालय संचालित कर रहा था।

आवश्यकता पड़ने पर बाद में कार्यालय परिसर में गोपनीय शाखा भवन, सभाकक्ष सहित अन्य भवनों का भी निर्माण किया गया। बरसात के समय में पुराने भवन की छत से पानी टपकने, छत का प्लास्टर गिरने जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हुई लेकिन विकल्प के अभाव में भारी समस्याओं के बावजूद जैसे-तैसे काम चलता रहा। पिछले साल कुलपति कार्यालय का



छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत थी हादसा कार्यालय खुलने के पूर्व हुआ। इस घटना के बाद विवि के भकुरा परिसर में निर्माणाधीन किसी भवन में वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्यालय स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

भकुरा परिसर स्थित अधूरे ऑडिटोरियम भवन में अलग-अलग विभागों के लिए अस्थाई कक्ष निर्माण कर पिछले आठ-नौ महीनों से प्रशासनिक कार्यालयों का संचालन किया जा रहा है। नए भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पुराने भवन का उपयोग गोदाम के रूप में किया जा रहा था। इधर पुराने भवन के छत का प्लास्टर बीच-बीच में गिर रहा था। विवि प्रबंधन ने खतरे को देखते हुए ननि आयुक्त को भवन के क्षतिग्रस्त हिस्से को ढहाने के लिए पत्र लिखा था। महीनों का समय गुजरने के बावजूद ननि ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की तो प्रबंधन ने लोनिवि के अधिकारियों से भवन की स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने पिछले दिनों भवन का निरीक्षण कर उसे अनुपयोगी एवं खतरनाक बताया है तथा जर्जर भवन को तत्काल ढहाने की सिफारिश की है। विवि के पुराने प्रशासनिक भवन के आसपास घनी आबादी है।



# बहुत दुख में हूं, शरीर चला गया पर आत्मा साथ रहेगी : बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन इस वक्त आशा भोसले के निधन से बुरी तरह टूट गए हैं और दर्द में हैं। उन्होंने आशा भोसले को याद करते हुए दिल चीर देने वाला पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि आशा जी का शरीर छोड़कर चला गया है, पर उनकी आत्मा हमेशा साथ रहेगी। अमिताभ और आशा जी का बहुत पुराना कनेक्शन था। उन्होंने यह भी लिखा कि इस वक्त वह गहरे शोक में हैं। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'दुख और शोक...एक पूरे युग का अंत हो गया। एक अविश्वसनीय, अद्भुत, विस्मयकारी और विलक्षण हस्ती, कल हमें छोड़कर चली गई। वह थीं महान आशा भोसले जी। मैं बहुत शोक में हूं।

## लाइफ Style



# प्रियंका
## ये आवाज हमारी जिंदगी का हिस्सा थीं

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने दिवंगत सिंगर आशा भोसले को एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दिवंगत सिंगर के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा जिसमें उन्होंने आशा के संगीत जगत, कई पीढ़ियों और संस्कृति पर दिवंगत गायिका के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने लिखा, 'कुछ नुकसान ऐसे होते हैं जो आपके बचपन, आपकी यादों, आपके घर का एक हिस्सा खोने जैसा महसूस कराते हैं। आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी, बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। यह हमारे बड़े होने के दौरान हमारे घरों में गूंजती थी, पारिवारिक समारोहों में, दिल टूटने के पलों में, खुशी के पलों में, उन शांत और शोर भरे पलों में जो हमारे एहसास होने से पहले ही यादें बन गए।' आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। प्रियंका चोपड़ा ने आगे लिखा है, 'मेरी पीढ़ी और उससे पहले और बाद की कई पीढ़ियों के लिए वह सिर्फ एक ऐसी महान हस्ती नहीं थीं जिनकी हम तारीफ करते थे, बल्कि वो हमेशा साथ थीं। एक ऐसी आवाज जो इतनी शाश्वत थी कि लगता था वह हमेशा हमारे साथ रहेगी। उन शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि किसी ऐसे व्यक्ति को खोने का क्या मतलब है, जिसकी कला ने पूरे देश के भावनात्मक परिदृश्य को आकार देने में मदद की हो।'

## हॉलीवुड मसाला



# नशे की लत का इलाज करा रहीं सिंगर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने आपको एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। बताया जाता है कि वह अपने नशे की आदत का इलाज करा रही हैं। हाल ही में हुई गिरफ्तारी के बाद ब्रिटनी स्पीयर्स फिर सुर्खियों में हैं। नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सिंगर ने खुद को एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। ग्रैमी-विजेता गायिका का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उनके करीबी लोग उनकी सेहत को लेकर चिंता जता रहे थे। स्पीयर्स अपनी नशे की लत छुड़ाने का इलाज करवा रही हैं।




# ट्रूडो के साथ सड़क पर रोमांस करती दिखीं कैटी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कैलिफोर्निया के मशहूर म्यूजिक फेस्टिवल कोचेला में साथ में क्वालिटी टाइम बिताते देखा गया। दोनों के ये कैंडिड मोमेंट्स सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। कैटी पेरी ने कई फोटोज और वीडियोज शेयर किए, जिनमें वह और ट्रूडो हाथ पकड़कर चलते, साथ बैठकर रिलैक्स करते और म्यूजिक एंजॉय करते नजर आए। दोनों का लुक भी काफी सिंपल और कूल था। ट्रूडो जींस और सफेद टी-शर्ट में दिखे, जबकि कैटी सफेद शर्ट, शॉर्ट्स और ब्लैक कार्डिगन में नजर आईं। एक फोटो में दोनों स्नैक्स खाते और रेड सोलो कप से ड्रिंक लेते दिखे, तभी कैमरा फ्लैश से वे थोड़ा सरप्राइज भी हो गए। वहीं कुछ वीडियोज में ट्रूडो, कैटी के पीछे खड़े होकर म्यूजिक का मजा लेते नजर आए। कैटी पेरी ने जस्टिन बीबर के लिए अपनी पुरानी याद भी शेयर की।



# ऋषि के साथ शेयर की थ्रोबैक तस्वीर...

**मुंबई।** नीतू कपूर ने अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर के साथ सगाई की 47वीं सालगिरह पर एक प्यारी थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही नीतू ने एक खास नोट भी लिखा है। नीतू कपूर ने इंसटाग्राम स्टोरी पर ऋषि कपूर के साथ अपनी एक खास पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू और ऋषि दोनों बहुत खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों के चेहरों पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। नीतू ने इस थ्रोबैक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'आज ही के दिन 1979 में हमारी सगाई हुई थी।' नीतू और ऋषि कपूर की शादी 22 जनवरी 1980 को हुई थी। उस समय यह बॉलीवुड की सबसे महंगी और चर्चित शादियों में से एक थी। शादी में फिल्म इंडस्ट्री के बहुत सारे बड़े स्टार आए थे।



# क्वीन ऑफ क्वींस में आएंगी नजर...

**मुंबई।** अपने बेबाक अंदाज और शानदार अभिनय के लिए पहचानी जाने वालीं काजोल बड़े पर्दे के साथ-साथ अब ओटीटी पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। 'द ट्रायल' वेब सीरीज और 'मां' जैसी महिला प्रधान कहानियों का हिस्सा रहीं काजोल आगामी दिनों में अपनी नई फिल्म 'महाराग्निः क्वीन ऑफ क्वींस' में एक बार फिर दमदार अवतार में नजर आएंगी। हाल ही में 90 के दशक की इस डीवा ने अपने कॅरियर, बॉक्स ऑफिस के दबाव, ओटीटी और अपने निजी विचारों को लेकर खुलकर बात की और कई सवालों के जवाब दिए। 'शुक्रवार का प्रेशर' उन सभी कलाकारों पर होता है, जिनकी फिल्में रिलीज होती हैं। लेकिन, जब शुक्रवार को मेरी फिल्म रिलीज होती है, तो मैं कोई तनाव नहीं लेती। म

## टीवी मसाला




# अक्षय ने की अर्चना की खिंचाई हंस-हंसकर जमा कर ली संपत्ति

**नई दिल्ली।** 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का लेटेस्ट एपिसोड काफी धमाकेदार और मजेदार रहा। इसमें अक्षय कुमार ने अर्चना पूरन सिंह की खूब खिंचाई की और खुलासा किया कि हंस-हंसकर एक्ट्रेस ने कितनी संपत्ति जमा कर ली है। उन्होंने हर चीज को बढ़ा-चढ़ाकर बताया, जिससे दर्शक भी हंसने लगे। शो में सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव भी थे, जो अपनी फिल्म 'टोस्टर' को प्रमोट करने पहुंचे थे। उनकी भी हंसी छूट गई। दरअसल, अक्षय ने अर्चना के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में हंस-हंसकर कमाने पर तंज कसा था। अर्चना भी अक्षय कुमार की बातें सुनकर खुद को हंसने से रोक नहीं पाईं। इसका एक प्रोमो भी सामने आया है, जिसे सोनी टीवी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस पर फैंस के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पहले तो अर्चना सिंह की हंसी की तुलना 'शोले' के गब्बर से की और मजेदार कमेंट किया। वह बोले, '1975 में गब्बर सिंह था, जिसकी हंसी से बच्चों को डराकर सुलाया जाता था। और आज 2026 में अर्चना सिंह, जिनकी हंसी से बच्चे-बच्चे को नींद से उठाया जाता है।' फिर अक्षय ने बढ़ा-चढ़ाकर बताया कि आदमी को हंसने से क्या फायदा होता है और अर्चना ने हंस-हंसकर कितनी तगड़ी संपत्ति जमा कर ली है। वह बोले, 'मुंह पे हंसने से आदमी फंस जाता है, लेकिन आपने मुंह पर हंस-हंसकर जो कमाई की है।

## अभिषेक और प्रियंका में कहासुनी!

**नई दिल्ली।** अभिषेक मल्हान 'बैटलग्राउंड' के नए सीजन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रियंका चाहर चौधरी, जो टीवी शो 'नागिन 7' का हिस्सा हैं, कथित तौर पर रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए अभिषेक के साथ शामिल हो गई हैं।



प्रियंका द्वारा पहले अभिषेक को रोस्ट जाने के बाद दोनों के बीच ऑनलाइन विवाद हो गया। बिग बॉस ओटीटी फेम स्टार ने अब प्रियंका के कमेंट का जवाब दिया है और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिषेक मल्हान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, 'प्रियंका जी कह रही हैं कि रोस्ट करना आता होगा तो करेगा। मैंने कहा, 'इच्छाधारी नागिन जी, ये इच्छा भी आपकी पूरी कर देंगे, आप बैटलग्राउंड में मिलिए हमें।' प्रियंका चाहर चौधरी 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में अभिषेक मल्हान और राहुल चौधरी के साथ मेंटर के रूप में नजर आएंगी। इसके अलावा, अभिषेक बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में कंटेस्टेंट थे, जहां वे रनर-अप रहे, जबकि प्रियंका चाहर चौधरी ने बिग बॉस 16 में भाग लिया और टॉप तीन फाइनलिस्ट में से एक रहीं।

# आखिरी गाने के बदले में आशा ने मांगा था यह सामान

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर शमीर टंडन ने आशा भोसले को याद किया है। उन्होंने उनके निधन पर खास तरह से श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने उनकी कई खास बातें बताई हैं। इंस्टाग्राम पर शमीर टंडन ने आशा भोसले के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। एक में वह उनके साथ घर पर हैं, दूसरी में स्टूडियो में हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा 'कल पूरे दिन आपके घर पर आपके पास घंटों बिताने के बाद, आपको खामोश, फिर भी हमेशा की तरह मुस्कुराते हुए और चमकते हुए देखकर मुझे सुकून महसूस हो रहा है। आयरन लेडी आप ठीक वैसे ही हमें छोड़कर गईं जैसा आपने सोचा था।' टंडन ने आगे लिखा 'आशा आई, आप उसी जोश के साथ गाते हुए, हर रोज अपना रियाज करते हुए हमें छोड़कर गईं। आप मेरे लिए पोहा बनाते हुए, कॉफी बनाते हुए हमें छोड़कर गईं। आप अगली रिकॉर्डिंग, अगले कॉन्सर्ट, अगले स्टूडियो विजिट और प्लानिंग करते हुए हमें छोड़कर गईं।' उन्होंने लिखा 'आप मुझे यह कहकर गईं कि आप हमारे आखिरी, अभी तक रिलीज न हुए गाने के लिए एक भी पैसा नहीं चाहती। इसके बजाय, आप चाहती थीं कि मैं आपको एक बड़ी साड़ी की दुकान पर ले जाऊं और आपके लिए एक सुंदर साड़ी खरीदूं। आप ठीक वैसे ही गईं जैसा आपने हमेशा कहा था।'




## फूट-फूटकर रोए दलेर मेहंदी

इंडस्ट्री के लोग भी आशा भोसले के जाने से बहुत दुख में हैं। सिंगर दलेर मेहंदी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। वो आशा भोसले को याद कर रोने लगे। उन्होंने कहा, 'बहुत दुख हो रहा है आज। बहुत भारी दिन है ये। कभी सोचा नहीं था कि ऐसा दिन आएगा। रोते हुए आगे दलेर मेहंदी ने कहा, 'बचपन से ही, जब से होश संभाला है, तो एक बहुत बड़ा गाना आया था. सैंया ना डरो...वो गाना आरडीबर्मन का था। सब लोग बहुत दीवाने हो गए थे और जो लोग शास्त्रीय संगीत सुनते थे वो भी गाना सुनकर लोग दंग रह गए। इतनी सुरीली थीं...इतनी अच्छी थीं कि जब भी बात करो तो खुश होकर बात करती थीं।'

# एयरपोर्ट पर चेंकिंग लाइन तोड़ अंदर घुसीं करीना, लोगों का फूटा गुस्सा...

**मुंबई।** हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान को स्पॉट किया गया। लेकिन, इस दौरान अपनी एक हरकत की वजह से लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। करीना कपूर को लाइन तोड़कर आगे निकलते देख यूजर्स ने उनकी खूब आलोचना की है। कई लोगों ने इसे सेलिब्रिटीज को मिलने वाले खास ट्रीटमेंट का उदाहरण बताया और इसे अन्य यात्रियों के साथ अन्याय करार दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि करीना मुंबई एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकिंग की लंबी लाइन को छोड़कर सीधे आगे बढ़ जाती हैं। वे चेकिंग बूथ पर पहुंचकर



अपना पासपोर्ट और आईडी अधिकारी को दिखाती हैं और फिर अंदर चली जाती हैं। इस दौरान बाकी यात्री लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों की नाराजगी बढ़ गई.एक यूजर ने लिखा, 'करीना कपूर ने एयरपोर्ट पर लाइन तोड़ी और सीधे गेट की ओर बढ़ गईं। सेलिब्रिटीज को ऐसा करने की छूट क्यों है? उन्हें यह अधिकार किसने दिया? बाकी लोगों को भी फ्लाइट पकड़नी होती है, यह सबके साथ नाइंसाफी है।' दूसरे यूजर ने कहा कि एक साधारण लाइन भी समाज की सच्चाई दिखा देती है। उन्होंने लिखा कि यह दिखाता है कि कुछ लोग खुद को ऊंचा समझते हैं और बाकी को कमतर। कई लोगों ने सवाल किया कि आम आदमी को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, तो सेलिब्रिटीज को यह सुविधा क्यों? वहीं इस मामले में अभी तक करीना कपूर की तरफ से इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि हाल ही में करीना को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल मैच का मजा लेते देखा गया। उनके साथ पति सैफ अली खान और दोनों बेटे भी मौजूद थे. प्रोफेशनल मोर्चे पर करीना कपूर को साल 2024 में फिल्म 'क्रू' और 'सिंघम अगेन' में देखा गया था। अब वे 2026 में रिलीज होने वाली फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी।

# अभी न जाओ छोड़कर... गाकर ताई को किया विदा

एजेंसी ⏭ मुंबई

12 अप्रैल 2026 का दिन भारतीय संगीत के लिए बेहद दर्दनाक साबित हुआ। सुरों की मल्लिका आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके जाने से पूरा देश शोक में डूब गया- सेलेब्स से लेकर फैंस तक, हर कोई गमगीन नजर आया। 13 अप्रैल की शाम बेटे आनंद भोसले ने आशा के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई। आशा ताई अब पंचतत्व में विलीन हो चुकी हैं, लेकिन उनकी मधुर आवाज और यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।





## आशा को याद कर भावुक हुईं हेलेन

हेलेन को कैबरे क्वीन कहा जाता है, उनके अधिकर सभी गाने आशा भोसले ने ही गाए। वो अपने करियर में तरक्की का श्रेय हेलेन को देती हैं। आशा भोसले के पंचतत्व में विलीन होने के बाद हेलेन ने मीडिया से बात की और दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा- मैं जहां हूं उनकी वजह से हूं। अच्छा हुआ मैं रिटायर हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर मुझे सदमा लग गया था। भगवान उनकी खूबसूरत आत्मा को शांति दे।

## गाने गाकर दी श्रद्धांजलि

शान, सुदेश भोसले समेत कई गायकों ने गाने गाकर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

## पहुंचे कई सेलेब्स

शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास 'कासा ग्रांडे' में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।



## खबर संक्षेप

### जन चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों से सीधा संवाद

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो,बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत आरागाही में जन चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों से सीधा संवाद किया गया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना की विस्तृत जानकारी साझा किया। साथ ही योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि मंत्री राम विचार नेताम, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, सभपाति जिला पंचायत सदस्य बद्री यादव, अंकुश सिंह, अश्विनी गुप्ता, श्रवण यादव, सीताराम गुप्ता, वासुदेव राय, सिद्धांत यादव, बीडी लाल गुप्ता, श्रीमती सुनीता गुप्ता, दयाल विश्वास, नन्दकिशोर गुप्ता, कमल मण्डल, अर्पित जायसवाल, दिनेश यादव, ईश्वर मल्लिक, विक्रम गुप्ता, आकाश तिवारी, श्याम कुमार यादव, कमला सिंह, अम्बिका सिंह, लखन गुप्ता, उबलक मराबी, तापस राय, सोनू चौधरी, रविंद्र यादव, राजेश्वर मेहता, राजेंद्र चौधरी, करनोधर राय, संजीत गुप्ता, संतोष यादव, लखन चौधरी, रुपेश गुप्ता, रबीन बड़ाल, प्रवीण विश्वास सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ चलो,गांव चलो,बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत महावीर गंज में जन चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति मुंशी राम सिंह, अशर्फी यादव, राजकुमार यादव, बुद्धदेव सिंह, जगन्नाथ सिंह, श्याम बिहारी शुक्ला, शिवनाथ ठाकुर, संतोष पांडे, बासदेव सिंह, अर्जुन मुंडा, शिव नारायण सिंह, रामकिशुन सिंह, अमित सिंह, जगदीश यादव, सतीश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### पेयजल संकट के समाधान हेतु जिला स्तरीय बैठक

**सूरजपुर।** ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट के प्रभावी निराकरण एवं लोगों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिपं सीईओ द्वारा की गई। बैठक के दौरान ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के लिए विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से जलस्तर की निगरानी करते हुए स्थिति की समीक्षा करने तथा आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन क्षेत्रों में हैंडपंपों का जलस्तर अत्यधिक नीचे चला गया है, वहां सिंगल फेज पंप स्थापित करने एवं सिंटेक्स टंकियों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में ऐसे ग्रामों की सूची संबंधित जनपद पंचायतों को उपलब्ध कराई गई, जिन्हें हर घर जल घोषित किया जा चुका है। इन ग्रामों में सुचारु जल आपूर्ति के लिए तकनीकी रूप से दक्ष पंप ऑपरेटर की नियुक्ति तथा जलप्रदाय व्यवस्था के सतत संचालन हेतु जलकर वसूली प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करते हुए पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिले के समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ, सिविल सर्जन, मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला मिशन समन्वयक सहित जिपं की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 की तैयारी शुरू

# चिरमिरी में प्रगणकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के तहत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को नगरपालिक निगम चिरमिरी के सभागार में सुबह 10:30 बजे से प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार कुशल फील्ड ट्रेनर चंदन दत्ता, चंद्रशेखर पोलाई, आरके नायक एवं नितेश मिश्रा द्वारा नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के 95 गणना ब्लॉक के प्रगणकों और 16 सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण 24 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10:30 से शाम 6:30 बजे तक संचालित होगा। प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण का कार्य कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य जनगणना 2027 के लिए प्रत्येक मकान का सही एवं व्यवस्थित डेटा तैयार करना है। यह कार्य 1 मई से 30 मई तक संपन्न होगा। वहीं द्वितीय चरण की जनगणना 1 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगरपालिक निगम चिरमिरी के आयुक्त आरपी आंचला, प्रमुख जनगणना अधिकारी बसंत जायसवाल, कार्यपालन अभियंता एवं चार्ज अधिकारी जनगणना सहित श्यामनारायण देशपांडे अतिरिक्त चार्ज अधिकारी की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना सुविधा के तहत पोर्टल के माध्यम से अपने मकानों की जानकारी दर्ज करें, ताकि जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सके।

## अंबेडकर जयंती पर खोंगापानी में सेवा और समर्पण का संदेश




**मनेन्द्रगढ़।** सेवा ही संगठन के मूलमंत्र के साथ 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अंबेडकर जयंती के अवसर पर आदर्श हाई सेकेंडरी स्कूल, मेन मार्केट खोंगापानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती चंपा देवी पावले के मार्गदर्शन एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पटवा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। वहीं हसदेव मंडल अध्यक्ष सुश्री बबीता सिंह के नेतृत्व एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेनू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और विचारों से अवगत कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को केक काटकर पाठ्य पुस्तक, कॉपी, पेन, पेंसिल, चॉकलेट एवं सल्फाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए बच्चों को कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मीनू पटेल, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती विभा सिंह, जिला मंत्री श्रीमती अंजू उरमलिया, मंडल महामंत्री श्रीमती मौसमी राय, मंडल कोषाध्यक्ष श्रीमती सुशीला सिंह, मंडल मंत्री श्रीमती सुशीला जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास, श्रीमती सुषमा राठौर, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी श्रीमती सरोज सिंह, सह मीडिया प्रभारी श्रीमती गैस बाई एवं सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती गूंजा कोल सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और बैसाखी पर्व का संयुक्त आयोजन




**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र के मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और बैसाखी पर्व का संयुक्त आयोजन हुआ, जो समानता के दर्शन और फसल की प्रचुरता के उत्सव का प्रतीक बन गया।

यह समारोह न केवल छात्रों के मन में राष्ट्र की ज्योति जागृत करने वाला था, अपितु सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक धरोहर को एक सूत्र में बांधने वाला भी सिद्ध हुआ। प्रातः कालीन विशेष प्रार्थना सभा में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित्त कर किया गया।

विद्यालय के पथ प्रदर्शक प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के छात्र आरव ने अंबेडकर जी के जीवन उनके संघर्ष तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र जसराज ने विद्यालय को बैसाखी के महत्व नई फसल परिश्रम और समृद्धि के प्रतीक से भी अवगत कराया। बैसाखी के स्वरूप में पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा ने मंच को झूमने पर मजबूर कर दिया, जो खेतों की हरियाली और किसान की मेहनत का प्रतीक था। कक्षा सातवीं की छात्राओं की ये प्रस्तुतियां इतनी जीवंत थीं मानो सारा पंजाब स्वयं मंच पर प्रस्तुति दे रहा हो। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान हमें समता का दर्पण प्रदान करता है, जबकि बैसाखी हमें मेहनत और एकता का संदेश देती है। इन दोनों का संगम ही हमारे समृद्ध राष्ट्र निर्माण का आधार है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मनेन्द्रगढ़ शहर में अब तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर साबित हुआ, इसमें करीब पचास से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिससे लोगों में सेवा भाव और जागरूकता बढ़ी। रक्तदान करने वाले जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और यह सीधे किसी की जान बचाने का माध्यम है। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा द्वारा किया गया यह पहल अत्यंत सराहनीय है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने रक्तदान करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर द्वारा आयोजित यह शिविर एक बहुत अच्छी पहल है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने स्वयं रक्तदान कर कहा कि यह मानवता की सेवा का प्रतीक है और इसे जन-आंदोलन बनाना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने रक्तदान के बाद कहा कि रक्तदान समाज सेवा का सबसे सरल माध्यम है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने रक्तदान कर कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी ने रक्तदान करने के बाद कहा कि युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, यह समाज के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। व्यंकटेश सिंह ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान करके हमें गर्व महसूस होता है कि हम किसी की जान बचाने में सहयोग कर रहे हैं। डॉ.अंशुल सिंह ने रक्तदान कर कहा कि हर युवा को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित होना चाहिए।

पैथोलॉजिस्ट स्नेहा सिंह ने कहा कि यह रक्तदान शिविर बहुत अच्छा आयोजन है और इस तरह के शिविर समय-समय पर हमेशा आयोजित होते रहना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस शिविर में पत्रकार निजाम, पुलिस विभाग से मनोज सिंह एवं रवि साहू सहित शहर के अन्य नागरिकों ने भी रक्तदान कर समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण रामनरेश पटेल, जिला महामंत्री रफीक मेमन, जिला सचिव विक्की दत्ता, पूनम सिंह सहित अन्य कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में गुलाब कमरो, अशोक श्रीवास्तव, सौरव मिश्रा, राजेश साहू, कृष्ण मुरारी तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, व्यंकटेश सिंह, इमरान खान, स्नेहिल शुक्ला, कासिम अंसारी, राजा पांडेय, नंद किशोर, संतोष अग्रवाल, हरीश कोरी, कृष्णा, मनोज कुमार सहित लगभग पचास लोगों ने रक्तदान किया।

### गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर।** भाजपा मंडल शहर द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत शिव मंदिर मानपुर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता के महत्व और इसके सामाजिक प्रभाव के बारे में भी जागरूक किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया।

## अंबेडकर जयंती पर सोनहत में निकली शोभायात्रा



**बैकुण्ठपुर।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135 जयंती अवसर पर जनपद मुख्यालय सोनहत में सर्व अंबेडकर मूल निवासी विचार मंत्र सोनहत द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर रविदास भवन खुटरापारा में पहुंची, जहां वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में विभिन्न वर्ग के लोग जुटे रहे।

## कांग्रेस कार्यालय में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा




**बैकुण्ठपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुंठपुर में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने डॉ. अंबेडकर जी के चित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष और समाज में किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त पक्षधर भी थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के बल पर किसी भी सामाजिक बंधन को तोड़ा जा सकता है तथा वंचित एवं शोषित वर्गों को सशक्त बनाकर समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, हेमसागर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष यादव, शैलेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, श्रीमती संगीता राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, राजीव गुप्ता, रियाजुउद्दीन, वसीम खान, वसीम वकील, संतोष गोयन, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, स्वतंत्र महोबिया, कुंवर साय सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## स्कूल में मनाई गई अंबेडकर जयंती




**मनेन्द्रगढ़।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की कोऑर्डिनेटर सुश्री रूबी पासी ने किया।

आयोजन के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य पी रविशंकर और वरिष्ठ शिक्षकों ने भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिका रूबी पासी ने बाबा साहब के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे बाबा साहब ने समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए संविधान के माध्यम से उन्हें समाप्त करने का प्रयास किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र अंशुमन सिंह, सान्वी सिंह, रिचा सिंह, साहिमा सिद्दीकी, शेरिन सांगा, निहारिका तिवारी, जैनब खान, हिमांशु मलिक, कुणाल कुमार यादव, राम सिंह, अरनव यादव, अर्पिता एंजेल लकड़ा, अनुप्रिया अजय, दीपिका, आयांश अग्रवाल ने भाषण के माध्यम से बाबा साहब के जीवन को साझा किया। छात्रों ने बताया कि कैसे बाबा साहब ने अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना किया और समाज के उत्थान के लिए काम किया। छात्रा कीर्ति दुबे द्वारा बाबासाहेब के जीवन से जुड़ी हुई प्रश्नोत्तरी से विद्यार्थियों के ज्ञान को टाटोला जिससे छात्रों को अंबेडकर जी के बारे में और जानने का मौका मिला। कक्षा सातवीं के छात्रों शिक्षा वैश्य, रितिका सिंह कुशवाहा, अक्षिता अग्रवाल, तृषिका वर्मा, आशुतोष विश्वकर्मा, तुषार पांडे, आदित्य श्रीवास्तव, समर्थ नाकरा, कार्तिकेय तिवारी ने लघु नाटिका के माध्यम से बाबा साहब के छात्र जीवन को दर्शित किया। उन्होंने बताया कि कैसे बाबा साहब ने अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझा और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। विद्यालय की छात्राओं ख्याति बोथरा, याम्या केवट, नव्या जायसवाल, अपूर्वी सेन, खुशबू ने कविताओं के माध्यम से बाबा साहब की उपलब्धियों को साझा किया और छात्रों में नई चेतना और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र अयान हुसैन, प्रज्वल बावरिया, अनुश अजय, लक्ष्य पटेल हाथ में संविधान की किताब लेकर बाबा साहब के परिधान में दिखाई दिए। आराध्या तिवारी, पलक अग्रवाल, स्वरा सोनी, पूर्वी तिवारी, आरोही छतरिया, खुशबू, दीप अरोड़ा, ललिता श्रीवास, रिया यादव, अंशिका साहू, ओजस सिंह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के जीवन के चित्र अपनी पेंटिंग द्वारा प्रदर्शित किए।

## अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन, गूंजे जय भीम के नारे



**कोरिया कॉलरी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के पावन अवसर पर कोरिया कॉलरी स्थित अंबेडकर चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र जय भीम और बाबा साहेब अमर रहे के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर विधिवत माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंच से वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से याद किया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी उतना ही प्रासंगिक है। शिक्षा, समानता और अधिकारों की लड़ाई में उनके विचार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।







